जब दुनिया तुझे सताए,
कोई ना साथ निभाए,
जिसे तूने अपना माना,
वो भी नजरो को चुराए,
ऐसे में श्याम तेरा साथी है,
खाटु का ये वासी है ।।

तर्ज ये बंधन तो प्यार का।

तू जाकर उसे मनाना,
नहीं उससे कुछ भी छुपाना,
जो भी भूल हुई है तुमसे,
रो रो कर उसे सुनाना,
वो पिघलेगा ये समझ ले,
तू चरणों को जो पकड़ले,
वारे न्यारे कर देगा,
झोली तेरी भर देगा,
ऐसे में श्याम तेरा साथी है,
खाटु का ये वासी है ।।

तेरे दिन फिर बदलेंगे,
बिछड़े भी फिर से मिलेंगे,
तू इनको कभी ना भुलाना,
नित चरणों में शीश नवाना,
बाबा है दयालु हमारा,

ये हारे का है सहारा,
भक्तो पर जान लुटाए,
दुखियो को गले लगाए,
ऐसे में श्याम तेरा साथी है,
खाटु का ये वासी है।।

रिश्ता भक्तो से जोड़े,
तू हरदम साथ निभाए,
कोई प्रेम से इसे बुलाए,
ये दौड़ा दौड़ा आए,
मीरा बन इसे बुलाले,
भावो से इसे रिझाले,
तू अर्पण कर दे तन मन,
सुधरेगा तेरा जीवन,
ऐसे में श्याम तेरा साथी है,
खाटु का ये वासी है।।

जब दुनिया तुझे सताए,
कोई ना साथ निभाए,
जिसे तूने अपना माना,
वो भी नजरो को चुराए,
ऐसे में श्याम तेरा साथी है,
खाटु का ये वासी है।।

Singer : Anil Sharma

Source:
https://www.bharattemples.com/jab-duniya-tujhe-sataye-koi-na-sath-nibhaye/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw